# Class – 5th Hindi Topic – 2 सर्वनाम

4

## सर्वनाम
## (Pronoun)

**सर्वनाम (Pronoun)** – जिन शब्दों का प्रयोग संज्ञा के स्थान पर किया जाता है, उन्हें 'सर्वनाम' कहते हैं; जैसे - मैं, तुम, यह, वे, उसका, मेरा आदि ।

निम्नलिखित वाक्यों (Sentences) को ध्यान से पढ़िए :

| | |
|---|---|
| **गोपाल** एक अच्छा लड़का है । | **गोपाल** प्रतिदिन नहाता है । |
| **गोपाल** प्रात:काल घूमने जाता है । | **गोपाल** विद्यालय जाता है । |

ऊपर लिखे वाक्यों में 'गोपाल' शब्द बार-बार आया है जो कि पढ़ने में अच्छा नहीं लगता है । हम इन वाक्यों को निम्न प्रकार भी लिख सकते हैं :

| | |
|---|---|
| **गोपाल** एक अच्छा लड़का है । | **वह** प्रतिदिन नहाता है । |
| **वह** प्रात:काल घूमने जाता है । | **वह** विद्यालय जाता है । |

गोपाल एक 'संज्ञा' है । इसके स्थान पर 'वह' शब्द का प्रयोग (Use) किया गया है, अत: 'वह' सर्वनाम है।

**सर्वनाम के प्रकार (Kinds of Pronoun)** – सर्वनाम निम्नलिखित सात प्रकार के होते हैं :




**1. पुरुषवाचक सर्वनाम (Personal Pronoun)** – जिन सर्वनाम शब्दों से किसी व्यक्ति का बोध होता है, उन्हें पुरुषवाचक सर्वनाम कहते हैं । जैसे – मैं, हम, तू, तुम, वह, वे, उसका, उनका, मेरा, हमारा, तुम्हारा, आपका आदि ।

पुरुषवाचक सर्वनाम निम्नलिखित तीन प्रकार के होते हैं :

**(क) उत्तम पुरुष (First Person)** – जिस सर्वनाम शब्द का प्रयोग बोलने वाला (Speaker) अपने लिए करता है, उसे उत्तम पुरुष सर्वनाम कहते हैं । जैसे – मैं, मुझे, मेरा, हमारा आदि ।

(ख) **मध्यम पुरुष (Second Person)** - बोलने वाला व्यक्ति सुनने वाले व्यक्ति (Hearer) के लिए जिस सर्वनाम शब्द का प्रयोग करता है, उसे मध्यम पुरुष सर्वनाम कहते हैं; जैसे - तू, तुम, तुम्हारा, आपका आदि ।

(ग) **अन्य पुरुष (Third Person)** - वे सर्वनाम शब्द जो बोलने वाले तथा सुनने वाले के अतिरिक्त अन्य किसी तीसरे व्यक्ति (Third person) के लिए आते हैं, अन्य पुरुष सर्वनाम कहलाते हैं; जैसे - वह, वे, कोई, उसका, उनको आदि ।

**2. निश्चयवाचक सर्वनाम (Definite Pronoun)** - जो सर्वनाम शब्द किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध कराते हैं, उन्हें निश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं । जैसे - 'वह यहीं पढ़ रहा है ।' इस वाक्य में 'वह' निश्चयवाचक सर्वनाम है ।

**3. अनिश्चयवाचक सर्वनाम (Indefinite Pronoun)** - जिन सर्वनाम शब्दों से किसी निश्चित व्यक्ति या वस्तु का बोध नहीं होता, उन्हें अनिश्चयवाचक सर्वनाम कहते हैं; जैसे - 'यहाँ कोई नहीं आया।' 'पानी में कुछ पड़ा है ।' इन वाक्यों में 'कोई' और 'कुछ' अनिश्चयवाचक सर्वनाम हैं ।

**4. सम्बन्धवाचक सर्वनाम (Relative Pronoun)** - जिन सर्वनाम शब्दों का किन्हीं अन्य संज्ञा या सर्वनाम शब्दों से सम्बन्ध (Relation) ज्ञात होता है अथवा जो दो वाक्यों (Sentances) अथवा उपवाक्यों (Sub sentence) को जोड़ते हैं, वे सम्बन्धवाचक सर्वनाम कहलाते हैं; जैसे - 'जो कठिन परिश्रम करता है, वह सफल होता है ।' इस वाक्य में 'जो' तथा 'वह' शब्द एक ही व्यक्ति से सम्बन्धित हैं, अत: 'जो' तथा 'वह' सम्बन्ध वाचक सर्वनाम हैं ।

**5. प्रश्नवाचक सर्वनाम (Interrogative Pronoun)** - जिन सर्वनाम शब्दों द्वारा किसी प्रश्न का बोध हो, वे प्रश्नवाचक सर्वनाम कहलाते हैं। जैसे - 'यह पुस्तक किसकी है?' 'कमरे में कौन सो रहा है ?' 'थैले में क्या रखा है ?' इन वाक्यों में 'किसकी', 'कौन' और 'क्या' शब्दों से प्रश्न का बोध होता है, अत: ये प्रश्नवाचक सर्वनाम हैं ।

**6. निजवाचक सर्वनाम (Reflexive Pronoun)** - जिन सर्वनाम शब्दों का प्रयोग वाक्य में कर्ता (subject) द्वारा अपने (स्वयं के) लिए किया जाता है, उन्हें निजवाचक सर्वनाम कहते हैं । जैसे - 'यह अपना ही मकान है ।' 'मैं स्वयं दुकान पर बैठता हूँ ।' 'तुम खाना अपने आप क्यों बनाते हो ?' इन वाक्यों में 'अपना', 'स्वयं' तथा 'अपने आप' शब्द कर्ता के लिए प्रयुक्त (use) हुए हैं; अत: ये निजवाचक सर्वनाम हैं ।

**7. संकेतवाचक सर्वनाम (Demonstrative Pronoun)** - जिन सर्वनाम शब्दों से किसी व्यक्ति (Person) या वस्तु (Things) की ओर संकेत (Hint) किया जाये, वे संकेतवाचक सर्वनाम कहलाते हैं; जैसे- 'यह मेरी पुस्तक है।' 'वे आम मीठे हैं ।' इन वाक्यों में 'यह' शब्द पुस्तक की ओर तथा 'वे' शब्द आमों की ओर संकेत कर रहा है। अत: 'यह' और 'वे' संकेतवाचक सर्वनाम हैं ।

**अभ्यास कार्य** :

प्रश्न 1- सर्वनाम किसे कहते हैं ?उदाहरण सहित लिखिये|

प्रश्न 2- सर्वनाम कितने प्रकार के होते हैं? प्रत्येक का नाम लिखिये|

प्रश्न 3 -पुरुषवाचक सर्वनाम के कितने भेद होते है? उदाहरण सहित लिखिये|